**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा बठिंडा हवाई अड्डे के नए सिविल एयर टर्मिनल को राष्ट्र को समर्पित करना तथा दिल्ली बठिंडा दिल्ली सैक्टर हेतु एलायंस एयर की पहली उड़ान का शुभारंभ करना।**

**<u>बठिंडा,11 दिसंबर 2016</u>: श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय नागर विमानन केंद्रीय मंत्री ने 11 दिसंबर 2016 को बठिंडा हवाई अड्डे के नए सिविल एयर टर्मिनल को राष्ट्र को समर्पित किया । इस अवसर पर श्रीमती हरसिमरत कौर, माननीय खाद्य संरक्षण उद्योग केंद्रीय मंत्री, सरदार सुखबीर सिंह बादल, माननीय उपमुख्यमंत्री, पंजाब, श्री जयंत सिन्हा, नागर विमानन केंद्रीय राज्यमंत्री, श्री विजय सांपला, माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता केंद्रीय राज्यमंत्री, डॉ. गुरु प्रसाद महापात्र, अध्यक्ष भा वि प्रा, श्री अश्वनी लोहानी, सीएमडी एयर इंडिया तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। माननीय नागर विमानन केंद्रीय मंत्री ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ सिविल एयर टर्मिनल का दौरा किया तथा शिलालेख का अनावरण किया । इस अवसर पर बोलते हुए, नागर विमानन केंद्रीय मंत्री श्री राजू ने कहा कि नए टर्मिनल तथा उड़ान कनेक्टिविटी से न केवल यात्रियों को सुविधा होगी बल्कि यह क्षेत्र की समग्र आर्थिक वृद्धि के लिए बहु उपयोगी साबित होगा ।**

**नया सिविल एयर टर्मिनल 1200 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है । इस टर्मिनल के निर्माण पर कुल रुपए 25 करोड़ की लागत आई । अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं जैसे कि दो(2) चेक इन काउंटर एक(1) सुरक्षा जांच एक्स-रे मशीन, एक (1) आगमन लगेज कनवेयर बेल्ट, एक(1) आरक्षित वी आई पी लॉउन्ज कार पार्किंग सहित दो (2) एटीआर 72-600 प्रकार के एयरक्राफ्ट हेतु एप्रन से सुसज्जित है । यह टर्मिनल 100 यात्रियों (50 प्रस्थान +50 आगमन) को संभालने के लिए बनाया गया है ।**

**यह टर्मिनल शीशे तथा स्टील से बनाया गया है । इसमें जन संबोधन प्रणाली, निगरानी हेतु सीसीटीवी, अग्निशमन प्रणाली, स्टैंडबाई सहित समर्पित पावर आपूर्ति इत्यादि सुविधाएं हैं । शहरी छोर की ओर छज्जा मुख्य भवन से एकीकृत है जो मौसम की विषम परिस्थितियों में यात्रियों का बचाव करता है । यह सुविधा विशेषत: राज्य में संपर्क बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी तथा क्षेत्र में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करेगी । एलायंस एयर (एयर इंडिया द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी) ने बिल्कुल नए 70 सीटों वाले एटीआर 72-600 प्रकार के विमान की पहली उड़ान दिल्ली-बठिंडा-दिल्ली सैक्टर में आरंभ की । यह उड़ान बुधवार, शुक्रवार तथा शनिवार को प्रचालित होगी । एलायंस एयर ने यह सुनिश्चित किया है कि यह उड़ान इस सेक्टर में नियमित रूप से प्रचालित हो । एक बार वर्तमान उड़ान प्रचालन के स्थिर होने तथा कोहरे की स्थिति शांत होने के बाद एलायंस एयर अपनी उड़ानों की आवर्ती में बढ़ोतरी करेगी । एलायंस एयरनिकट भविष्य में लुधियाना तथा पठानकोट से भी उड़ाने आरंभ करने की ओर कार्य कर रहा है ।**

..................................................................................................................................

**जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी**

**विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:**

**महाप्रबंधक (ज.सं.)9811521881, 011-24622787**

**सं. 58/2016-17**



**श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय नागर विमानन केन्द्रीय मंत्री, श्री जयंत सिन्हा, माननीय नागर विमानन केन्द्रीय राज्य मंत्री, तथा सरदार सुखबीर सिंह बादल, माननीय उप मुख्यमंत्री, पंजाब बठिंडा के नए सिविल एयर टर्मिनल के उदघाटन के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए । इस अवसर पर श्रीमति हरसिमरत कौर बादल, माननीय खाद्य संरक्षण उद्योग केन्द्रीय राज्य मंत्री, श्री विजय सांपला, माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता केन्द्रीय राज्य मंत्री, डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, अध्यक्ष, भाविप्रा, श्री अश्विनी लोहानी, सीएमडी, एयर इंडिया तथा अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे ।**

**<u>संपादक के लिए नोट</u>**

**नए घरेलू यात्री टर्मिनल भवन,एप्रन तथा संबद्ध कार्यों की मुख्य विशेषताएं :**

- **यात्री संभालने की क्षमता** : **100 यात्री (**50 **प्रस्थान** +50 **आगमन)**
- **क्षेत्र (टर्मिनल भवन)** : 1200 **वर्ग मीटर**
- **चेक-इन-काउंटर** : **02**
- **सुरक्षा जांच इकाई** : **1**
- **सुरक्षा जांच एक्स-रे मशीन** : **1**
- **आगमन बैगेज कन्वेयर बेल्ट** : **1**
- **आरक्षित वी आई पी लाऊंज** : **1 (प्रस्थान एवं आगमन हेतु सामान्य)**
- **सिटी साइट पर छज्जा** : 600 **वर्ग मीटर क्षेत्र**
- **कार पार्किंग क्षमता** : **40 कारें**
- **एप्रन साइज** : 97 **मीटर** X 92 **मीटर**
- **विमान पार्किंग बे** : **ए टी आर-72 प्रकार के विमानों हेतु 2 बे**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का गठन भाविप्रा अधिनियम, 1994 के अंतर्गत हुआ जोकि 1 अप्रैल, 1995 को अस्तित्व में आया तथा इसे देश के हवाई अड्डों के विकास एवं प्रबंधन का संपूर्ण उत्तरदायित्व सौंपा गया । भारत सरकार ने अपनी नई नागर विमानन नीति (एनसीएपी 2016) के एक भाग के रूप में क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आरसीएस) के माध्यम से उड़ान को देश के सामान्य लोगों के बीच पहुंचाने का प्रयास किया है । वर्तमान में देश में लगभग 450 हवाई पट्टी/ हवाई अड्डे हैं । तथापि, केवल 75 हवाईअड्डों पर निर्धारित वाणिज्यिक प्रचालन होता है । भारत में 16 अल्पसेवित हवाई अड्डे तथा 394 असेवित हवाई अड्डें हैं। एयरलाइंस प्रचालकों द्वारा पुष्ट मांग के आधार पर असेवित हवाई पट्टी तथा हवाई अड्डों का पुन: निर्माण किया जाएगा । क्षेत्रीय संपर्कतता कनेक्टविटी को पुन: आरंभ किए जाने में कई चुनौतियां हैं। हमसे जनता की अपेक्षाएं बहुत अधिक हैं तथा भाविप्रा अपने सभी स्टेकहोल्डरों को सक्रिय रूप से संलग्न कर अपनी पूरी क्षमता को प्राप्त करने एवं कार्य को संभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रिफाइनरी एवं निजी विद्युत संयत्र के आने से पिछले दशक की तुलना में बठिंडा विस्तारित एवं विकसित हुआ है, एयरलाइंस नियमित उड़ानो को वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए अनुकूल हवाई यात्री आवागमन की सभी संभावनाओ की आशा कर सकती हैं । निकट भविष्य में, इस हवाईअड्डे द्वारा देश के सभी मुख्य घरेलू शहरो तथा कार्गो प्रचालन को कवर करने की संभावना है।

**एलाइंस एयर के बठिंडा प्रचालन का संक्षिप्त विवरण**

- एलाइंस एयर (एयर इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी) 70 सीटों वाले बिल्कुल नए एटीआर 72-600 प्रकार के विमान के साथ दिल्ली- बठिंडा- दिल्ली सैक्टर में अपनी पहली उड़ान आरंभ कर रही है। यह उड़ान बुधवार, शुक्रवार तथा रविवार को प्रचालित होगी । प्रचालन की अनुसूची निम्नवत है:

| | | |
|---|---|---|
| 9I-621 | दिल्ली से बठिंडा | 1215/1345 |
| 9I-622 | बठिंडा से दिल्ली | 1415/1535 |

- इस उड़ान को बठिंडा से आने/जाने के लिए मुख्य मेट्रो शहरों से आने/जाने के लिए अर्थात् मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरू तथा हैदराबाद से जोड़ा जाएगा। इसे पूणे, विजयवाड़ा, विजाग, जयपुर, जोधपुर तथा अन्य शहरों से भी जोड़ा जाएगा । इस

उड़ान को एयर इंडिया द्वारा प्रचालित अन्य अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से भी जोड़ा जाएगा ।

- एलाइंस एयर यह सुनिश्चित करेगा कि इस सैक्टर पर नियमित रूप से उड़ानें प्रचालित हों । जैसा कि आप जानते हैं कि वर्ष के इस समय के दौरान क्षेत्र में कोहरा होता है तथा निम्न दृश्यता होती है। तथापि, सम्मानित यात्रियों हेतु वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सभी संभव प्रयास किए जाएगें।
- चूंकि बठिंडा पंजाब का एक प्रमुख औद्योगिक शहर है, नियमित उड़ान प्रचालन से यहां विमान यातायात में बढ़ोतरी होगी।
- एक बार विमान यातायात में स्थिरता आने तथा कोहरे की स्थिति खत्म होने के बाद, एलाइंस एयर अपनी उड़ान आवृत्ति में बढोतरी करेगी ।
- बठिंडा विमानक्षेत्र भारतीय वायु सेना के नियंत्रणाधीन है । नए टर्मिनल भवन का उदघाटन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है जोकि सिविल विमान यात्रियों की सेवा के लिए होगा।
- मौसूम की अनुकूल परिस्थितियों तथा यूडीएएन बोली को अंतिम रूप देने के बाद एलाइंस एयर लुधियाना एवं पठानकोट से उड़ान आरंभ करेगी।
- एयर इंडिया अपैल, 2017 के पहले सप्ताह से दिल्ली- अमृतसर-बर्मिन्घम सैक्टर हेतु अंतरराष्ट्रीय उडान आरंभ करेगी ।